अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 हिंसा की घटनाओं पर केंद्र व राज्य सरकारों को कड़ी चेतावनी...
6 सूर्यकुमार यादव की जगह मुश्किल, सैमसन ने भी मौका गंवाया ...
7 भोपाल का गो-काष्ठ अन्य राज्यों का भी बचा रहा वन एवं पर्यावरण...

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 10 अंक-28 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 01 अगस्त से 07 अगस्त 2023 पृष्ठ-8 मूल्य -2

# शाह ने कमलनाथ को करप्शननाथ,दिग्विजय को बंटाधार कहा





# इंदौर में बोले- कांग्रेस ने धारा 370 को बच्चे की तरह पाला, मालवा से किया चुनावी शंखनाद

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश में मालवा से बीजेपी के चुनावी अभियान का आगाज कर दिया है। उन्होंने रविवार को इंदौर में बीजेपी के विजय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। शाह ने कार्यकर्ताओं को 2023 और 2024 के चुनावी जीत का संकल्प दिलाया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। शाह ने पूर्व सीएम कमलनाथ को करप्शन नाथ और दिग्विजय सिंह को श्रीमान बंटाधार कहकर संबोधित किया। इंदौर में विधानसभा नंबर दो स्थित कनकेश्वरी गरबा मैदान पर आयोजित संभाग के बूथ लेवल कार्यकर्ता सम्मेलन में शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 को कांग्रेस ने बच्चे की तरह सालों तक पाल रखा था। पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 खत्म कर कश्मीर को भारत से जोड़ने का काम किया है। मोदी सरकार आने पर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों की धज्जियां उड़ाने का काम हमारी सेना ने किया है।**

### मोदी ने पूरी दुनिया में भारत का झंडा किया बुलंद- शाह

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने देवी अहिल्या को प्रणाम कर अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या बाई ने गुलामी के अवशेष को मिटाने की पहल की थी। जिसे हमारे नेता पीएम मोदी आगे बढ़ा रहे है। पीएम मोदी ने पूरी दुनिया में भारत का झंडा बुलंद करने का काम किया है। वे कहीं भी जाए लोग मोदी-मोदी के नारे लगाते हैं। ये नारे मोदी के लिए नहीं, बीजेपी के लिए नहीं, बल्कि भारत की एक सौ तीस करोड़ जनता के सम्मान में नारे लग रहे हैं।

### कांग्रेस ने राम मंदिर का काम लटका रखा था- शाह

अमित शाह ने विपक्षी एकता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ये लोग अनुच्छेद 370 खत्म खरने का विरोध करते थे। ये नाम बदले तो भी कोई इन्हें वोट देगा क्या?

अयोध्या में राम लला टेंट में विराजमान थे। कांग्रेस मंदिर के काम को लटका रही थी। कोर्ट के फैसले के बाद मोदी जी ने राम मंदिर का भूमि पूजन कर दिया। अहिल्या बाई होलकर के बाद धार्मिक स्थलों का कायाकल्प करने का काम पीएम मोदी ने किया है।

### कमलनाथ ने जनकल्याण की योजनाएं बंद कर दी थी- शाह

शाह ने कमलनाथ को करप्शन नाथ और दिग्विजय सिंह को बंटाधार कहकर तंज कसा। उन्होंने कहा कि कमलनाथ की सरकार डेढ़ साल चली। हमारे शिवराज सिंह ने जो योजनाएं शुरू की थी, उन्हें कमलनाथ ने बंद कर दी थी। योजनाओं का पैसा खाने के लिए उन्हें बद कर दिया। देश के गृह मंत्री ने कहा कि वो एक भी इंडस्ट्री भी नहीं लाए। लेकिन ट्रांसफर इंडस्ट्री जरूर लागू कर दी। उन्होंने डेढ़ साल के अंदर बंटाधार का शासन याद दिलाने का काम किया। शाह ने कहा कि कमलनाथ ने किसान सम्मान निधि योजना में किसानों के नाम नहीं भेजे। शिवराज सिंह के सीएम बनते ही किसानों के नाम भेज दिए गए। आज किसानों को सम्मान निधि का पैसा मिल रहा है।

### कार्यकर्ताओं को दिलाया चुनावी जीत का संकल्प

बीजेपी को चुनाव बूथ पर बैठा कार्यकर्ता जीता सकता है। आज यहां से संकल्प लेकर जाना है कि प्रचंड बहुमत के साथ 2023 में भाजपा की सरकार बनाना है। और 2024 में लोकसभा की एमपी की सभी 29 सीटें जीतकर मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

### बीजेपी पदाधिकारियों के साथ अमित शाह की बैठक

इंदौर में बीजेपी के विजय संकल्प कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद अमित शाह ने पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने चुनावी रणनीति को लेकर मेरीयट होटल में मालवा-निमाड़ के 60 पदाधिकारियों के साथ मंत्रणा की।

इस बैठक से विधायक और सांसदों को दूर रखा गया। बैठक में चुनिंदा प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, प्रभारी और महामंत्रियों से अमित शाह ने चर्चा कर चुनावी रणनीति बताई।

बैठक में बीजेपी चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश बीजेपी के चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, सीएम शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा, बीजेपी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने प्रदेश का कबाड़ा कर दिया था- सीएम शिवराज

बीजेपी के विजय संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि संघर्ष का शंख बज गया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और समृद्ध बन गया है। आज पूरी दुनिया मोदी मोदी का मंत्र जप रही है।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी प्रदेश का कबाड़ा किया। सड़क, बिजली, पानी कुछ नहीं था। फिर सवा साल के लिए कमलनाथ आए तो विकास के कोई काम नहीं हुए। उन्होंने पीएम मोदी की योजनाओं का रोकने का पाप किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना लौटा दी। कमलनाथ ने जल-जीवन मिशन लागू नहीं होने दिया।

कमलनाथ ने बीजेपी सरकार की योजनाएं भी बंद कर दी थी। संबल योजना बंद कर दी थी। बच्चों के लैपटॉप छीन लिए। लाड़ली बहनों भरोसे में मत रहना। लाड़ली बहना जब तक है, तब तक अपनी सरकार है।

### बीजेपी 170 सीट जीतकर सरकार बनाएगी- विजयवर्गीय



बीजेपी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा - ये आमसभा नहीं है, ये कार्यकर्ता सम्मेलन है। यहां सब कार्यकर्ता हैं। जो हमारी ताकत हैं। ये सब हमें चुनाव जीताते हैं। हमारे गृह मंत्री अमित शाह राजनीति के चाणक्य माने जाते हैं। अनुच्छेद 370 हटाने का काम किसी ने किया तो अमित शाह ने किया। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस फर्जी सर्वे कर 150 सीट जीतने का दावा कर रही है। भ्रम फैला रही है, लेकिन कांग्रेस को 50 सीट और बीजेपी 170 सीट लाएंगी। कांग्रेस ने किसान कर्ज माफी का वादा किया था, लेकिन वादा नहीं निभाया। कांग्रेस ने रोजगार भत्ता का वादा किया, किसी को भत्ता नहीं दिया। कैलाश विजयवर्गीय ने एक बार फिर से, भाजपा फिर से, एक बार दिल से, भाजपा फिर से का नारा लगवाया। उन्होंने कहा कि हमारे सीएम शिवराज सिंह किसान के बेटे हैं। उन्होंने गरीबों, महिलाओं की चिंता की। बीजेपी की सरकार गरीबों के कल्याण पर विचार करती है। कांग्रेस ने केवल गरीबी हटाओ का नारा दिया। हमने गरीब कल्याण की योजनाएं बनाकर गरीबी दूर करने की कोशिश की।

### केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने जानापाव पहुँचकर भगवान श्री परशुराम जन्मस्थली के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

**इन्दौर** ।केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह आज इंदौर जिले के जानापाव पहुँचे। यहाँ उन्होंने भगवान श्री परशुरामजी जन्मस्थली में पहुँचकर दर्शन और पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान, इंदौर जिले के प्रभारी तथा गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सांसद श्री वी.डी. शर्मा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, धार सांसद श्री छतर सिंह दरबार सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्री अमित शाह को प्रस्तावित परशुराम लोक जानापाव के निर्माण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से परशुराम लोक का विकास प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विगत महीने अपने जानापाव भ्रमण के दौरान घोषणा की थी कि भगवान श्री परशुराम जी की जन्म स्थली को प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा और यहां भव्य परशुराम लोक बनाया जाएगा।

संपादकीय

# हिंसा की घटनाओं पर केंद्र व राज्य सरकारों को कड़ी चेतावनी

**पिछले कुछ वर्षों में भीड़ हिंसा एक भयावह अराजक प्रवृत्ति के रूप में उभरी है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों और निर्देशों पर अमल न करना जैसे सरकारों की आदत बन गई है। वे प्राय: उनसे बचने का प्रयास करती या फिर उन्हें नजरअंदाज करती देखी जाती हैं। भीड़ हिंसा के मामले में पांच साल पहले सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुझाए उपचारात्मक उपायों पर अमल करने संबंधी निर्देशों के मामले में भी यही हुआ।**



संपादक-
गोपाल गावंडे



अगर केंद्र और राज्य सरकारों ने गंभीरता से उन उपायों पर अमल किया होता तो नए सिरे से भीड़ हिंसा की घटनाएं न हो पातीं। मगर ऐसी घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी ही हुई है। इसे लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और महाराष्ट्र, ओड़ीशा, राजस्थान, हरियाणा, बिहार और मध्यप्रदेश की राज्य सरकारों से पांच साल पहले जारी निर्देश के बाद से वर्षवार आंकड़े तलब किए हैं कि भीड़ हिंसा रोकने की दिशा में क्या काम किए गए हैं।

गौरतलब है कि पांच साल पहले तहसीन पूनावाला मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों को कड़ी चेतावनी देते हुए ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कुछ उपचारात्मक उपाय सुझाए थे, जिन पर सभी राज्यों को अनिवार्य रूप से अमल करना था। मगर स्थिति यह है कि जब-तब विभिन्न राज्यों से गोमांस तस्करी के शक में या फर्जी खबरों, अफवाहों के प्रभाव में भीड़ हिंसा की घटनाएं सामने आ जाती हैं।

पिछले कुछ वर्षों में भीड़ हिंसा एक भयावह अराजक प्रवृत्ति के रूप में उभरी है। सबसे अधिक ऐसी घटनाएं गोरक्षा के नाम पर हुई हैं। समाज में कुछ ऐसे स्वयंभू गोरक्षक दल पनपे हैं, जो गोमांस और गो-तस्करी पर निगरानी रखते हैं। अगर इन्हें किसी भी तरह का शक होता या कहीं से कोई सूचना मिलती है कि गोमांस या गायों की तस्करी की जा रही है, तो वे मामले की बिना जांच-पड़ताल किए हमला कर देते हैं।

कई मामलों में तो जघन्यतम हत्याएं कर दी गई। इनमें विशेष रूप से एक ही समुदाय के लोग शिकार बनते हैं। ऐसी घटनाओं के मद्देनजर तहसीन पूनावाला मामले की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि किसी भी व्यक्ति या समूह को इस तरह निगरानी करने, कानून को अपने हाथ में लेने और ऐसे मामलों का फैसला सड़क पर करने का अधिकार नहीं है। जब किसी प्रकार के विचार वाला कोई समूह कानून को अपने हाथों में लेता है तो इससे अराजकता और अव्यवस्था फैलती है और अंतत: हिंसक समाज का उदय होता है। यह शासन और संविधान के ऊंचे मूल्यों का अपमान है।

सर्वोच्च न्यायालय ने भीड़ हिंसा को रोकने के लिए सरकारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा था कि भीड़ हिंसा वाले क्षेत्रों की पहचान कर राज्य सरकारें प्रत्येक जिले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नामित करें। अपनी शक्ति का प्रयोग करके भीड़ को तितर-बितर करना प्रत्येक पुलिस अधिकारी का कर्तव्य होगा। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए।

पुलिस गैर-जिम्मेदाराना प्रचार करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करेगी। मगर हकीकत यह है कि अब भी लोगों को भीड़ के रूप में इकट्ठा होकर हिंसा करने के लिए उकसाने के मकसद से फर्जी और भड़काऊ सूचनाएं प्रसारित करने और निगरानी समूह बनाने वाले बाज नहीं आए हैं। बिहार के सारण और महाराष्ट्र के नासिक में गोमांस की तस्करी के शक में हुई भीड़ हिंसा हाल के उदाहरण हैं। देखना है, सरकारें इस मामले में क्या सफाई पेश करती हैं।

राजनीति

# INDIA गठबंधन नाराज महाविकास अघाड़ी को आपत्ति, फिर भी PM मोदी को अवॉर्ड देने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे NCP चीफ शरद पवार



**असल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकमान्य तिलक अवार्ड दिया जाना है। उस कायक्रम में कहा जा रहा है कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार भी शिरकत करने जा रहे हैं।**

एनसीपी प्रमुख शरद पवार की राजनीति अलग ही तरह की चलती दिख रही है। कहने को अजित पवार ने उनकी पार्टी में दो फाड़ कर दी है, कहने को अजित अब एनडीए से हाथ मिला चुके हैं, लेकिन फिर भी शरद पवार अपने पत्ते नहीं खोल रहे हैं। उल्टा उनकी तरफ से अब उस कार्यक्रम में हिस्सा लिया जा रहा है जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी को अवॉर्ड दिया जाना है।

## सारा विवाद किस बात पर है?

असल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकमान्य तिलक अवार्ड दिया जाना है। उस कार्यक्रम में कहा जा रहा है कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार भी शिरकत करने जा रहे हैं। अब इस समय महाराष्ट्र की जैसी राजनीति चल रही है, जिस तरह से बीजेपी से तल्खी का दौर जारी है, उसे देखते हुए एनसीपी चीफ का फैसला कई लोगों को हैरान कर गया है। महा विकास अघाड़ी के कई नेता इस बात से नाराज बताए जा रहे हैं। उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के प्रवक्ता संजय राउत ने तो दो टूक कहा है कि शरद पवार का ये फैसला सही संदेश नहीं देने वाला है।

## विपक्ष को क्या आपत्ति?

उनका कहना है कि जिस समय प्रधानमंत्री ढ्ढह्लष्ठ्ठ को अपमानित कर रहे हैं, जिस समय उनकी पार्टी ने एनसीपी में दो फाड़ कर दी है, ये ठीक नहीं लगता अगर शरद पवार उस कार्यक्रम में हिस्सा लें जहां पर पीएम को सम्मानित किया जाना चाहिए। ये नहीं भूलना चाहिए कि बीजेपी ने सिर्फ एनसीपी में दो फाड़ नहीं की है, बल्कि पीएम की तरफ से उस पार्टी को सबसे भ्रष्ट भी कहा गया है। अगर एनसीपी को इतना नुकसान दिया गया है, उनके प्रमुख को इस तरह से कार्यक्रम जाना शोभा देता है? पवार ऐसा कर सिर्फ अपनी छवि को धूमिल कर रहे हैं।

## क्या है ये अवॉर्ड?

अब कांग्रेस भी अभी शरद पवार के जाने से ज्यादा खुश नहीं है, लेकिन उसकी तरफ से खुलकर कुछ भी बोलने से बचा जा रहा है। पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि ये शरद पवार का फैसला है, वहीं इस पर बेहतर बता पाएंगे। मेरे बोलने से अगर गठबंधन पर कोई असर पड़ेगा, ये ठीक नहीं। जानकारी के लिए बता दें कि लोकमान्य तिलक अवार्ड तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट द्वारा दिया जाता है। बड़ी बात ये है कि इस संगठन के ट्रस्टी रोहित तिलक हैं जो खुद एक कांग्रेस नेता हैं।

# भैरवकुंड में डूबे दो छात्रों की तलाश जारी

**इंदौर। मानसून के चलते जहां पिकनिक स्थलों पर सैलानियों की भीड़ बढ़ रही है, वहीं आए दिन हादसे में मौत के मामले भी सामने आ रहे हैं। रविवार को फिर हादसा हो गया, जिसमें दो छात्र डूब गए। शहर के पास भैरवकुंड में डूबने से दो छात्रों की मौत हो गई। पुलिस और गोताखोरों ने छात्रों को ढूंढा, लेकिन अंधेरा होने के कारण तलाश रोकनी पड़ी। आज सुबह से फिर उनकी तलाश शुरू की गई, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका पता नहीं चला।**

जिस कुंड में छात्र डूबे हैं वहां खोह बनी हुई है। वहां पहले भी कई युवकों की डूबने से मौत हो चुकी है। बताया जाता है कि छात्र



इंटरनेट लोकेशन से भैरवकुंड का रास्ता ढूंढते हुए वहां तक पहुंचे थे। खुड़ैल पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर करीब 3 बजे जय पिता गणेश विश्वकर्मा निवासी मांगलिया, राजा पिता मनोज चौहान निवासी मांगलिया, कौस्तुभ पिता आशीष निवासी लालबहादुर शास्त्री नगर, गौरव पिता त्रिपाल बारेठा निवासी चंदननगर और प्रियांश प्रजापत निवासी चंदननगर पिकनिक मनाने गए थे। छात्रों ने इंटरनेट से पिकनिक स्पाट की लोकेशन ढूंढी थी। बताया जाता है कि गौरव नहाते हुए झरने के नीचे जाकर बैठ गया। इसके बाद चट्टान पर फिसलन होने से वह पानी में चला गया और झरने के कारण भंवर में फंस गया।

उसे डूबता देख प्रियांश उसकी मदद करने गया और वह भी गौरव के साथ डूब गया। दोनों को डूबता देख राजा बचाने गया, लेकिन उसे कौस्तुभ ने खींच लिया। पुलिस के अनुसार अभी गौरव और प्रियांश का पता नहीं चला है। करीब 100 फीट गहरी खाई में कुंड बना है। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से छात्रों की सर्चिंग की, लेकिन अंधेरा होने के कारण पुलिस लौट आई। इसके लिए गोताखोरों की टीम को मौकेपर बुलाया गया है, जो दोनों की तलाश कर रहे हैं।

## स्क्रेप व्यापारी ने जहर खाकर दी जान

# बहू पर प्रताड़ित करने का आरोप

**इंदौर। स्क्रेप व्यापारी जहर खा लिया। उसे उपचार के लिए छोटा बेटा एमवाय लेकर पहुंचा। यहां रात में उनकी मौत हो गई।**

खजराना पुलिस के मुताबिक राजाराम पिता जालमसिंह अहिरवार निवासी मालवीय नगर ने रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे के लगभग रोबोट चौराहे के पास जहर खाने के चलते बेटा विवेक अस्पताल लेकर पहुंचा। उपचार के दौरान राजाराम की मौत हो गई। बेटे विवेक के मुताबिक वह स्क्रेप की दुकान चलाते थे। शाम को उन्हें लोगो ने तड़पते देखा। दुकान के सामने सर्विस रोड़ पर ही वह मेरे नाम से आवाज लगा रहे थे। इस दौरान एक व्यक्ति ने मेरे बारे में आकर पूछा। जब में मौके पर पहुंचा तो वहां पिता तड़प रहे थे।

विवेक के अनुसार वह मूल रूप से गुना के पास के रहने वाले है। उसका बड़ा भाई मनोज है। जिसकी शादी सीमा से हुई थी। आरोप है कि सीमा शादी के बाद से लगातार रूपये ओर पैसे की मांग कर रही थी। वह मामले में थाने में कारवाई करने की धमकी भी दे रही थी। चार दिन पहले भाई मनोज ओर विवेक दोनो बाहर गए थे। इस दौरान सीमा ने घर पर विवाद किया ओर घर छोडक़र चली गई। इसके बाद से वह लगातार वह कॉल कर राजाराम को परेशान कर रही थी।

जानकारी के मुताबिक रात में राजाराम के खिलाफ खजराना थाने में शिकायत कर बहू सीमा पुलिस लेकर अपने घर पहुंची। यहां पुलिसकर्मियों ने राजाराम के बारे में पूछा। परिवार ने बताया कि शाम को जहर खाने के बाद उनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिसकर्मी ओर बहू सीमा ने यह बात जैसे ही सुनी वह मौके से भाग गए। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कार-बाइक में टक्कर के बाद मारपीट

इंदौर। रविवार की देर रात विजयनगर और लसूडिय़ा थाने के बीच रविवार देर रात एक बाइक और कार की टक्कर हो गई। इसके बाद कार सवार युवक और बाइक सवारों का विवाद हो गया। मामले ने इतना तूल पकड़ा कि दोनों पक्ष एक दूसरे के साथ मारपीट करते दिखाई दिए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बाद में मामला लसूडिय़ा थाने पहुंचा। रविवार रात करीब 12 बजे एक बाइक पर सवार युवक लेफ्ट टर्न पर कार से टकरा गए। इसके बाद कार सवार उनसे बहस करने लगा। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बीच विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट की। मामले में मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने लेकर आ गई।

## डॉक्टर के साथ मारपीट

**इंदौर। जिला अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। रात करीब साढे बारह बजे यहां डॉक्टर को एक युवती के साथ आए युवक ने पीट दिया। मामले में डॉक्टर ने चंदन नगर थाने में केस दर्ज कराया है।**

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक मामला इमरजेंसी वार्ड का है। यहां रात में डॉक्टर प्रतीक भारद्वाज ड्यूटी पर थे। इस दौरान द्वारकापुरी थाने के दो पुलिसकर्मी रोहित ओर रमेश अपने साथ एक युवती को मेडीकल के लिये लेकर पहुंचे थे। यहां युवती के साथ आया अक्षत जैन मेडीकल अपने तरीके से करने के लिये डॉक्टर प्रतीक भारद्वाज पर दबाव बना रहा था। इस दौरान डॉक्टर के इंकार करने पर अक्षत ने कॉलर पकड़ ली ओर उनके साथ झूमाझटकी कर दी। मामले में ड्यूटी डॉक्टर ने रात में आरएमओ सतीश नेमा को इस बात की जानकारी दी। जिसके बाद चंदन नगर थाने से पुलिस को कॉल कर बुलाया गया। पुलिस ने अक्षत के खिलाफ शासकीयत कार्य सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। बताते हैं कि डॉक्टर प्रतीक के साथ मारपीट के दौरान युवती के साथ मेडीकल पर आए दोनो पुलिसकमी डॉक्टर के साथ हो रही मारपीट के दौरान मूकदशक बनकर खड़े रहे। बाद में मौके पर पहुंचे अन्य डॉक्टरो ने उन्हें फटकार लगाई।

# पार्षद के घर में घुसा चोर पकड़ाया

**इंदौर। पार्षद के घर पर बदमाशो चोरी की वारदात को अजांम दिया। इस दौरान पार्षद के परिवार की नींद खुल गई। उन्होंने एक चोर को मौके से पकड़ा। जिसकी लोगो ने पिटाई कर दी। पिटाई के बाद उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। वही दूसरे की तलाश की जा रही है।**

सदर बाजार इलाके में कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी के घर में रविवार रात चोर घुस गए। इस दौरान अंदर सो रहे लोगो की नींद खुली। तभी सोनू यादव नाम का बदमाश खिडक़ी से कूदकर भाग गया। वही दूसरा साथी अंदर ही पकड़ा गया। उसे परिवार के लोग पकडक़र बाहर लाए। सूचना के बाद यहां अन्य लोग पहुंचे। लोगो ने चोर की पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि पार्षद के यहां घुसने के दौरान एक बदमाश ने कांच तोडऩे की कोशिश की। कांच की टूटने की आवाज पर कादरी के परिवार के सदस्य की नींद खुली। चोरो ने घर में काफी सामान अस्त व्यस्त कर दिया था। सदर बाजार पुलिस इस मामले में आरोपी की तलाश कर रही है।

## टक्कर के बाद मारपीट

**इंदौर। गाड़ी टकराने की बात को लेकर हुए विवाद में पिता-पुत्र ने मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने दोनों पर केस दर्ज किया है।**

छावनी अनाज मंडी गेट पर शनिवार को वैभव अग्रवाल के साथ दिलीप सिलावट और उसके लडके जय सिलावट ने मारपीट की। वैभव ने पुलिस को बताया कि वो बाइक से पान की दुकान की तरफ जा रहा था, तभी दूसरी मोटर साइकल से उसकी गाड़ी टकरा गई। इस बात को लेकर दिलीप और जय ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पिता विनोद अग्रवाल जब बचाने आए तो उनको भी पीट दिया और कहा कि हमारे रास्ते में आए तो जान से खत्म कर दूंगा। इस घटना के बाद दुकानदारों ने हंगामा मचाया और थाने पर जाकर कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है।

## वसूली करते पकड़ाया जिलाबदर बदमाश

इंदौर। जिलाबदर किए जाने के बाद भी एक बदमाश वसूली कर रहा था। पुलिस को सूचना मिली तो उसे घेराबंदी कर धरदबोचा।

रावजीबाजार पुलिस ने बताया कि जिलाबदर किए गए हिस्ट्रीशीटर रफीक पिता शरीफ,साउथ तोड़ा को अवैध वसूली करते हुए गिर तार किया है। इसके खिलाफ दो दर्जन केस पहले से ही दर्ज हैं। आरोपी पर रासुका की कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न थानों पर करीब दो दर्जन अपराध वाले बदमाश रफीक पिता शरीफ को एक साल के लिए जिलाबदर किया गया था। उसके बाद भी वह इलाके में आकर अवैध वसूली के लिए फरियादी को डरा धमका रहा था। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर रावजी बाजार के हिस्ट्रीशीटर रफीक को दबोचा। उसका आपराधिक रेकार्ड देखते हुए उसके खिलाफ रासुका की कार्रवाई की जा रही है।

# शिव और शक्ति दोनों का बोधक है



# इस तरह हुई पंचाक्षर मंत्र की उत्पत्ति



**भगवान शिव का प्रिय मास सावन चल रहा है और इस मास में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने से भगवान शिव सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरा करते हैं। इस माह शिव का पंचाक्षर मंत्र का जप करने से सभी कष्ट दूर होते हैं। आइए जानते हैं किस तरह पंचाक्षर मंत्र की उत्पत्ति हुई...**

सावन मास चल रहा है। इसे विशेष रूप से भगवान शिव की आराधना के रूप में मनाया जाता है। जो नित्य, आनंदमय, शांत, निर्विकल्प, निरामय, अनादि, अनंत शिव तत्व को जानते हैं, वे परमपद को प्राप्त होते हैं। भगवान शिव के दो रूप हैं- निष्कल (लिंग रूप) और सकल (मूर्ति रूप)। पहले ब्रह्मरूपता का बोध कराने के लिए निष्कल लिंग (निराकार) रूप प्रकट हुआ और फिर अज्ञात ईश्वरत्व का साक्षात्कार कराने के निमित्त सकल रूप प्रकट हुआ। इसलिए भक्तगण लिंग (निराकार) और मूर्ति (साकार) दोनों ही रूपों में भगवान शिव की पूजा करते हैं।

### भगवान शिव के 5 कृत्य

शिवपुराण में आता है कि ब्रह्मा और विष्णु के पूछने पर भगवान शिव कहते हैं, सृष्टि, पालन, संहार, तिरोभाव और अनुग्रह ये पांच ही मेरे जगत संबंधी कार्य हैं जो नित्यसिद्ध हैं। संसार की रचना का जो आरंभ है, उसी को सर्ग या सृष्टि कहते हैं। मुझसे पालित होकर सृष्टि का सुस्थिर रूप से रहना ही उसकी स्थिति है। उसका विनाश ही संहार है। प्राणों के उत्क्रमण (शरीर से प्राणों का निकलना) को तिरोभाव कहते हैं। इन सबसे छुटकारा मिल जाना ही अनुग्रह है। इस प्रकार मेरे पांच कृत्य हैं। सृष्टि आदि जो चार कृत्य हैं, वे संसार का विस्तार करने वाले हैं। पांचवां कृत्य अनुग्रह मोक्ष के लिए है। इसके बाद जीव सदा मुझमें ही अचल भाव से स्थिर रहता है।

### इस तरह हुई पंचाक्षर मंत्र की उत्पत्ति

इन पांच कृत्यों का संबंध पांच भूतों (आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी) के साथ है। पृथ्वी (पृथ्वी से उत्पन्न अन्न) से सबकी सृष्टि होती है। जल से सबकी वृद्धि और जीवन रक्षा होती है। आग सबको जला देती है। वायु (प्राण) सबको एक स्थान से दूसरे स्थान को ले जाती है और सर्वव्यापक आकाश सबको अनुगृहीत करता है। इन पांच कृत्यों का भार वहन करने के लिए भगवान शिव के पांच मुख हैं। चार दिशाओं में चार मुख और उनके बीच में पांचवां मुख है। शिव के उत्तरवर्ती मुख से अकार का, पश्चिम मुख से उकार का, दक्षिण मुख से मकार का, पूर्ववर्ती मुख से बिंदु का और मध्यवर्ती मुख से नाद का प्राकट्य हुआ। इस प्रकार पांच अवयवों से युक्त ओंकार का विस्तार हुआ है। इन सभी अवयवों से एकीभूत होकर वह प्रणव '?' नामक एक अक्षर हो गया। यह मंत्र शिव और शक्ति दोनों का बोधक है। इसी से पंचाक्षर मंत्र की उत्पत्ति हुई है।

### प्रणव के दो भेद

प्रणव के दो भेद बताए गए हैं- स्थूल और सूक्ष्म। एक अक्षर रूप जो 'ओम' है उसे सूक्ष्म प्रणव जानना चाहिए और 'नमः शिवाय' इस पांच अक्षर वाले मंत्र को स्थूल प्रणव समझना चाहिए। जिसमें पांच अक्षर व्यक्त नहीं हैं वह सूक्ष्म है और जिसमें पांचों अक्षर स्पष्ट रूप से व्यक्त हैं वह 'स्थूल' है। प्रणव में 'प्र' नाम है प्रकृति से उत्पन्न संसार रूपी महासागर का और 'नव' इससे पार कराने वाली नाव है। इस तरह से, देखा जाए तो प्रणव साधक को नव अर्थात नवीन (शिवस्वरूप) कर देता है।

### इसलिए पवित्र है सावन माह

सूक्तिसुधाकर में श्री शिवसूक्ति श्लोक में आता है कि 'हे शंकर। जो तुम्हें रव देता है यानी तुम्हारी स्तुति करता है, उसे तुम वर देते हो। जो मद प्रकट करता है, उसकी खबर तुम दम (दंड) से लेते हो। इस प्रकार अक्षरद्वय को उलट फेर करने का खेल तुमको बहुत पसंद है। तो फिर मेरे नमः कहने पर अपना मन क्यों नहीं फेरते?' सावन महीना इस रूप में पवित्र है कि इसमें शिव के प्रति नम- का भाव धारण करने की सहज प्रवृत्ति बनती है।

# डाइटिंग-एक्सरसाइज से ज्यादा फायदेमंद है ऋषियों का ये वेट लॉस उपाय, चर्बी बिल्कुल गायब हो जाएगी

**डाइटिंग के बाद भी अगर वजन कम नहीं हो रहा है तो आयुर्वेद का ये उपाय करके देखें। नेचुरल तरीके से आपका फैट जल्दी कम होने लगेगा। आयुर्वेद एक चिकित्सा पद्धति है, जिसमें हर बीमारी को जड़ से मिटाने का उपाय बताया गया है। इसे बनाने में कई सारे महान ऋषियों और आचार्यों ने योगदान दिया है। पेट निकलना एक बीमारी है, जो वसा बढ़ने पर होती है। इसे कम करने के लिए शरीर के दोषों से छुटकारा पाना चाहिए। लोगों को लगता है कि सिर्फ डाइटिंग या एक्सरसाइज ही उन्हें पतला बना सकती है। लेकिन जबतक अपने खानपान में चर्बी जलाने वाले मसाले और हर्ब्स को शामिल नहीं करेंगे तो जल्दी वेट लॉस नहीं होगा। बेली फैट से छुटकारा पाने के लिए इन भारतीय मसालों और जड़ी-बूटी का उपयोग कर सकते हैं।**

### हल्दी



हल्दी एक पीला मसाला है, जिसे खाने पर सूजन कम होती है। इसमें करक्यूमिन होता है, जो फैट टिश्यू की इंफ्लामेशन कम करता है। स्टडी के मुताबिक इससे आपके हाथ-पैर और पेट पतला होने लगता है। यह उपाय उन लोगों के लिए बहुत असरदार है, जो बिना कुछ खाए भी मोटे रहते हैं।

### काली मिर्च



आयुर्वेद के मुताबिक, लाल मिर्च की जगह काली मिर्च का सेवन करना चाहिए। यह खांसी-जुकाम से बचाती है और मेटाबॉलिज्म तेज करती है। इसी की वजह से आपकी चर्बी तेजी से कम होने लगती है।

### अश्वगंधा



यह जड़ी-बूटी दिमाग को शांत करती है। इसका सेवन करने पर तनाव पैदा करने वाले हॉर्मोन का विकास रुक जाता है। जो कि मोटापा बढ़ने के मुख्य कारणों में से एक है। यह इंसुलिन हॉर्मोन को भी संतुलित करता है।

### अदरक



अपने आहार से अदरक को कभी नहीं हटाना चाहिए। यह पाचन बढ़ाने और सर्दी-जुकाम से बचाने के काम आता है। इसे खाने से बेवजह भूख नहीं लगती है और आप आसानी से वजन को कंट्रोल कर पाते हैं।

### दालचीनी पाउडर



जो लोग डायबिटीज से परेशान हैं, उनका पेट भी निकल जाता है। इन दोनों बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए दालचीनी खानी चाहिए। इसमें ब्लड शुगर को कंट्रोल करके चर्बी घटाने वाले गुण होते हैं। यह मसाला आपके दिल के लिए भी अच्छा होता है।


Farm House wala.com
PRICE
351/-
SQFT
BUY FARMHOUSE
AT INDORE-
KHANDWA ROAD
Platinum Package
10*20 swimming pool
Plantation
RCC Boundari
landscaping
Fountain
800 Sqft 2 BHK
BOOK NOW
Visit Our Website
farmhousewalaa.com
Contact Us
8889066688


SATGURU NAGAR
RESIDENTIAL
PLOTS FOR SALE
PRICE STAR FROM
1111/- SQFT
SPECIAL
OFFER
Sale
of
Plots
TERMS & CONDITION APPLY
Registry Free
100 Plants
Smart Watch
42 inch. LED TV
Scooty
Indore - Khandwa Road
8889066688



## म्हारी छोरियां छोरों से कम हैं के...

# स्पेन में महिला हॉकी टीम का धमाल, छा गई लालरेमसियामी

बार्सिलोना. स्ट्राइकर लालरेमसियामी की हैट्रिक की मदद से भारतीय महिला टीम ने स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौवीं वर्षगांठ पर हो रहे इंटरनेशनल टूर्नामेंट में इंग्लैंड पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की. लालरेम्सियामी ने भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच के 13वें, 17वें और 56वें मिनट में तीन गोल किए. इंग्लैंड (1-1) और स्पेन (2-2) के खिलाफ अपने पिछले दो मैच को बराबरी पर खत्म करने वाली भारतीय महिला टीम ने इस दौरे पर पहली बार जीत का स्वाद चखा.

अब तक अजेय रहने के बाद, सविता की अगुआई में भारतीय महिलाएं रविवार को टूर्नामेंट के आखिरी मैच में तालिका की शीर्ष टीम के रूप में मैदान पर उतरेंगी. मैच के पहले क्वार्टर में इंग्लैंड ने आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन भारतीय टीम ने दबाव में आए बिना प्रभावी संरचना बनाने पर ध्यान दिया. टीम को इसका फायदा भी मिला जब नेहा ने गोल करने का प्रयास किया. उनके इस प्रयास को हालांकि इंग्लैंड की रक्षापंक्ति ने असफल कर दिया.

## सूर्यकुमार यादव की जगह मुश्किल, सैमसन ने भी मौका गंवाया

# इन तीन खिलाड़ियों का वर्ल्ड कप 2023 से पत्ता कटा?



**नई दिल्ली। वर्ल्ड कप 2023 में अब सिर्फ दो महीने का ही समय बचा है। 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले क्रिकेट के महाकुंभ से पहले भारत ज्यादा से ज्यादा सिर्फ 10 वनडे मैच ही खेल पाएगा। बावजूद इसके टीम इंडिया की तैयारी आधी-अधूरी ही लग रही है। अब भी प्लेयर्स को आजमाने का दौर जारी है। बैटिंग ऑर्डर में एक्सपेरिमेंट किए जा रहे हैं। न तो कोई ब्लू प्रिंट है और न ही अबतक ये तय किया गया है कि किन 15 या 16 खिलाड़ियों को स्क्वॉड में मौका मिलेगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी मौजूदा वनडे सीरीज में कोच राहुल द्रविड़ नए-नए खिलाड़ियों को न सिर्फ आजमा रहे हैं।**

### ईशान की मजबूत दावेदारी

वर्ल्ड कप के लिए बल्लेबाजी के दावेदारों को परखने की भारत की रणनीति उछाल भरी पिच पर नहीं चल पाई। वेस्टइंडीज ने बारिश से प्रभावित दूसरे वनडे मैच में छह विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैचों की सीरीज बराबर कर दी। वर्ल्ड कप से महज 10 मैच पहले रोहित और विराट को आराम देने के फैसला लिया गया। ईशान किशन वर्ल्ड कप के दौरान पारी का आगाज शायद ही करेंगे, लेकिन उन्होंने लगातार दूसरा अर्धशतक जड़कर दूसरे विकेटकीपर (बशर्ते केएल राहुल वर्ल्ड कप के लिए फिट हों) के तौर पर अपना दावा मजबूत कर दिया है।

### सूर्या का पत्ता कटना तय

सूर्यकुमार यादव एक बार फिर वनडे में बड़ी पारी नहीं खेल सके। जोखिम उठाकर खेलना सूर्या का स्वाभाविक खेल है, लेकिन इस तरह के खेल से उन्होंने वर्ल्ड कप के लिए खुद की ही दावेदारी कमजोर कर ली है। उन्हें वनडे में इसे बदलने की जरूरत है।

### संजू-अक्षर ने गंवाया मौका

संजू सैमसन के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता, जो दूसरे मैच में 19 गेंद में नौ रन ही बना सके और अक्षर पटेल (1 रन) ने भी सुनहरा मौका गंवा दिया। बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाजों के कॉम्बिनेशन को ध्यान में रखते हुए उन्हें तीसरे और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था। दोनों खिलाड़ी शॉर्ट पिच गेंदों के सामने जूझते दिखे। अक्षर सीमित ओवरों की क्रिकेट में गेंदबाज की तुलना में अच्छे बल्लेबाज बनते जा रहे हैं इसलिए उन्हें चौथे नंबर पर उतारा गया। हालांकि इस पोजिशन के लिए श्रेयस अय्यर के फिट होने का इंतजार है।

# 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' ने रविवार को की छप्पर फाड़ कमाई, जानिए- फिल्म ने तीन दिन में कितना कर लिया कलेक्शन

**'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' ने वीकेंड पर जमकर नोट बटोरे हैं. शनिवार को तो फिल्म की कमाई में उछाल आया था ही वहीं रविवार को भी रणवीर आलिया की फिल्म ने खूब कलेक्शन किया.**



करण जौहर के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की रोमांटिक जोडी को ऑडियंस खूब पसंद रही है इसी के साथ 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' को देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ भी उमड रही है. फिल्म की ओपनिंग अच्छी रही थी. वहीं वीकेंड पर तो फिल्म की कमाई में जबरदस्त उछाल आया और इसने कई करोड़ रुपये अपने कलेक्शन में जुटा लिए. चलिए यहां जानते हैं 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' ने संडे यानी रिलीज के तीसरे दिन कितना बिजनेस किया है.

'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' ने संडे को कितनी कमाई की

'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का जादू दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है. फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने पहले दिन 11.10 करोड़ का कारोबार किया. वहीं वीकेंड पर तो फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में जमकर दर्शक पहुंचे. इसी के साथ शनिवार और रविवार की छुट्टी का पूरा फायदा फिल्म को मिला. बता दें कि शनिवार को फिल्म की कमाई में 44. 59 फीसदी का उछाल आया था और इसने 16.5 करोड़ रुपयों का कलेक्शन किया था. वहीं अब रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की फिल्म की कमाई के तीसरे दिन यानी रविवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 18 करोड़ रुपयों का शानदार कलेक्शन किया है. जिसके बाद फिल्म की तीन दिन की कुल कमाई अब 45.15 करोड़ रुपये हो गई है.

### फिल्म में कौन-कौन हैं स्टार्स

फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन, शबाना आजमी, आमिर बशीर, तोता रॉय चौधरी, चूर्णी गांगुली, क्षिति जोग और अंजलि आनंद अहम भूमिका में हैं. करण जौहर ने अपनी आखिरी फिल्म 'ऐ दिल है मुश्किल' (2016) के सात साल बाद इस फिल्म का निर्देशन किया है. फिल्म में सारा अली खान और अनन्या पांडे की भी स्पेशल अपीयरेंस है. यह फिल्म एक कपल, रणवीर सिंह और आलिया की कहानी है, जो अलग-अलग बैकग्राउंड और कल्चर से आते हैं और एक दूसरे के प्यार में पड़ जाते हैं।

## आदिपुरुष जैसी गलती नहीं करना चाहते डायरेक्टर नाग अश्विन! VFX में सुधार के लिए अपनाया ये तरीका

प्रभास की अपकमिंग मूवी कल्कि 2898 एडी का फर्स्ट लुक, टाइटल और टीजर रिवील कर दिया गया है। मेकर्स ने इसी महीने सैन डिएगो कॉमिक कॉन इवेंट में इस बड़े बजट की फिल्म से जुड़ी जानकारियां शेयर कीं। कुछ लोगों ने फिल्म के टोन और विजुअल इफेक्ट्स की तारीफ की। हालांकि, कई लोग प्रभास के उस पोस्टर से नाखुश नजर आए, जो टाइटल और टीजर आने से एक दिन पहले रिवील किया गया था। लोगों ने इसे खराब फोटोशॉप करार दिया और VFX को लेकर नाराजगी जाहिर की। इसके बाद मेकर्स अलर्ट हो गए। उन्होंने दर्शकों से मिले फीडबैक को बहुत सीरियसली लिया है और इस पर फिर से काम शुरू कर दिया है। ऐसा लग रहा है कि डायरेक्टर नाग अश्विन, प्रभास की **आदिपुरुष** से सबक लिया है और वैसी गलती नहीं करना चाहते हैं।



30 जुलाई 2023 को Kalki 2898 AD की प्रोड्यूसर प्रियंका दत्त ने डायरेक्टर Nag Ashwin के साथ अपनी एक फोटो शेयर की, जिसमें वे टीजर की ङ्कस्न्ङ्ग के रिव्यू का जायजा ले रहे थे। नाग अश्विन से शादी करने वाली प्रियंका अपने बैनर वैजयंती मूवीज के तहत फिल्म का निर्माण कर रही हैं।

फिल्म की कास्ट और रिलीज डेट

इस मूवी में प्रभास और दीपिका पादुकोण के अलावा अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पाटनी जैसे कलाकार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म का बजट 600 करोड़ रुपये है। पहले खबर थी कि ये मूवी 12 जनवरी 2024 को रिलीज होगी, लेकिन वीएफएक्स में बदलाव के कारण मेकर्स को इसकी रिलीज डेट आगे खिसकानी पड़ेगी। अब कहा जा रहा है कि अगले साल मई महीने में रिलीज हो सकती है।

# भोपाल का गो-काष्ठ अन्य राज्यों का भी बचा रहा वन एवं पर्यावरण

## देश में मशहूर हो रहा है भोपाल का गो-काष्ठ मॉडल



**पृथ्वी पर प्राणी मात्र के अस्तित्व के आधार जंगल और स्वच्छ पर्यावरण को बचाने की एक अनूठी अलख जगी है, मध्यप्रदेश के भोपाल से। गो-काष्ठ मेन ऑफ इंडिया कहे जाने वाले सेंट्रल पॉल्यूशन बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. योगेन्द्र कुमार सक्सेना द्वारा 5 साल पहले भोपाल में शुरू की गई मुहीम से अब तक 5 लाख 10 हजार क्विंटल लकड़ी और तकरीबन 3400 एकड़ का वन क्षेत्र बच सका है। वहीं गोबर के आय परक होने से गो-शालाओं में बेसहारा, वृद्ध और अनुपयोगी गायों की पूछ-परख बढ़ गई है। शव दहन, होलिका दहन, औद्योगिक बायलर, होटल के तंदूर एवं अलाव आदि में लकड़ी का स्थान गो-काष्ठ लेने लगा है।**

डॉ. सक्सेना ने बताया कि गो-काष्ठ के जलने से 24.80 प्रतिशत कार्बन डाई ऑक्साइन का उत्सर्जन कम होता है। नमी कम होने के कारण गो-काष्ठ जल्दी जल जाता है और आम की लकड़ी देर तक जलती रहती है। सामान्य लकड़ी से शव दहन को 8 से 9 घंटे लगते हैं, जबकि गो-काष्ठ से यह प्रक्रिया 4-5 घंटे में पूरी हो जाती है। सामान्य लकड़ी की खपत 4 से 5 क्विंटल के विरूद्ध गो-काष्ठ केवल ढ़ाई से 3 क्विंटल ही लगता है। हिन्दु मान्यता के अनुसार यह पवित्र होने के साथ सस्ता भी पड़ता है।

भोपाल के 10 श्मशान घाट में आमजन गो-काष्ठ का प्रयोग स्वेच्छा से करने लगे हैं। भोपाल ही नहीं दिल्ली, बनारस, कानपुर, नागपुर, मुम्बई, जयपुर, अमरावती, रोहतक, रायपुर, इंदौर, कटनी, छिंदवाड़ा, नासिक, प्रयागराज आदि शहरों में भी भोपाल के गो-काष्ठ का प्रयोग अंतिम संस्कार के लिये किया जा चुका है।

भोपाल गो-काष्ठ पूरे देश में एक मॉडल के रूप में स्थापित हो चुका है। केन्द्र शासन द्वारा राज्यों को राष्ट्रीय स्तर पर भोपाल मॉडल को आधार बनाते हुए गो-काष्ठ निर्माण और उपयोग के लिये दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

भोपाल में साढ़े 3 लाख क्विंटल गौ-काष्ठ का उपयोग हो चुका है। इसमें से 80 हजार क्विंटल गो-काष्ठ होलिका दहन में उपयोग हुआ। गो-काष्ठ के एवज में लगभग 85 हजार पेड़ कटने से बचे हैं।

डॉ. सक्सेना की देख-रेख में बुधनी की वर्धमान इंडस्ट्रीज में केप्टिव पॉवर प्लांट में फेबरिक के निर्माण में ईंधन के रूप में गो-काष्ठ का प्रयोग हुआ। इससे 19 मेगावॉट की बिजली बनाई गई, जो बिल्कुल कोयले की तरह जली। गो-काष्ठ के उपयोग से 30 प्रतिशत प्रदूषण भी कम होता है। केप्टिव पॉवर प्लांट मं 135 टन प्रति घंटे क्षमता का बायलर है, जिससे अधिकतम 115 टन प्रति घंटे भाप का उत्पादन किया जाता है और 24 मेगावॉट के प्लांट में अधिकतम 19 मेगावॉट बिजली बनती है, जिसके लिये रोज 360 टन कोयला इस्तेमाल होता है। डॉ. सक्सेना द्वारा किये गये ट्रायल में मात्र 36 टन गो-काष्ठ का उपयोग किया गया। इससे भाप, बिजली और फेबरिक के उत्पादन में कोई अन्तर नहीं देखा गया। कंपनी 100 प्रतिशत तक गो-काष्ठ उपयोग पर विचार कर रही है।



## केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जानापाव पहुँचकर भगवान श्री परशुराम जन्मस्थली के दर्शन कर पूजा-अर्चना की, पंडित कपिल शर्मा (काशी महाराज) ने गीता भेंट की

**केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह कल महू तहसील के जानापाव पहुँचे। यहाँ उन्होंने भगवान श्री परशुरामजी जन्मस्थली में पहुँचकर दर्शन और पूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, इंदौर जिले के प्रभारी तथा गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा, सांसद श्री वी.डी. शर्मा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, धार सांसद छतर सिंह दरबार, स्थानीय नेता रामकिशोर शुक्ला, सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अमित शाह को प्रस्तावित परशुराम लोक जानापाव के निर्माण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से परशुराम लोक का विकास प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विगत महीने अपने जानापाव भ्रमण के दौरान घोषणा की थी कि भगवान श्री परशुराम जी की जन्म स्थली को प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा और यहां भव्य परशुराम लोक बनाया जाएगा।

इस दौरान जानापाव दर्शन करने आए गृहमंत्री अमित शाह को शहर के ज्योतिषाचार्य कपिल शर्मा (काशी महाराज) ने भगवद गीता भेंट की, वहीं वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए कई घंटों तक जानापाव पर आम दर्शनार्थियों के लिए बंद रहा । दोपहर 3:00 बजे के बाद आम श्रद्धालुओं ने जानापाव के दर्शन किए तो वहीं कावड़ियों ने जल भरा । उधर गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हुए थे।

# प्रदेश अध्यक्ष भूरिया एवं टेकाम की आदिवासी स्वाभिमान यात्रा 1 ओर 2 अगस्त को खरगोन जिले में



विक्रांत भूरिया



रामू टेकाम

**खरगोन- युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, एवं आदिवासी प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष श्री रामू टेकाम द्वारा प्रदेश भर में निकाली जा रही आदिवासी स्वाभिमान यात्रा 1 अगस्त मंगलवार को खरगोन जिले भीकनगांव विधानसभा के ग्राम पाडल्या से खरगोन जिले में प्रवेश करेगी।**

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रशान्त भालसे ने बताया कि युवा कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री विक्रांत भूरिया एवं आदिवासी प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष श्री रामू टेकाम जी के नेतृत्व में प्रदेश के सीधी जिले शुरू हुई है,प्रदेश भर में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार ,शोषण और प्रताड़नाओं के विरोध में आदिवासी स्वाभिमान यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा आदिवासी अंचल में आदिवासियों के अधिकारों के युवा कांग्रेस एक आदिवासी कांग्रेस आदिवासियों के बीच पहुँच कर लड़ाई लड़ेगी,साथ ही आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में भाजपा की शिवराज सिंह चौहान की सरकार के विरुद्ध यह यात्रा है।

भालसे ने बताया कि यात्रा झिरन्या क्षेत्र के ग्राम पाडल्या से जिले में आगमन करेंगी जहां भारत के एक मात्र स्व.इंदिरा गांधी जी के मंदिर पर स्व. इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू की जाएगी।वही श्री भूरियाएवं श्री टेकाम जी द्वारा ग्राम पाडल्या में नुक्कड़ सभा के को संबोधित करेंगे। आदिवसी स्वाभिमान यात्रा श्री भूरिया ,श्री टेकाम एवं क्षेत्रीय विधायक श्री झूमा सोलंकी,सहित युवा कांग्रेस के नेतृत्व में यात्रा वाहन रैली के रूप में सेकड़ो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आदिवासी अंचल से निकलेंगी। यात्रा ग्राम तितरान्या ,धूपा,होते हुए दामखेड़ा फाटे से झिरन्या पहुचेंगी ।

आदिवासी स्वाभिमान यात्रा का सेकड़ो युवा कांग्रेस कार्यकर्ता हमारे नेता श्री विक्रांत भूरिया को वाहन रैली के साथ झिरन्या नगर जगह जगह स्वागत के साथ प्रवेश करेंगे।

अध्यक्ष श्री भूरिया जी,श्री टेकाम जी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री रवि नाइक विधायक श्रीमती झूमा सोलंकी जी द्वारा स्थानीय कृषि उपज मंडी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

जनसभा के पश्चात क्षेत्र के मारुगड़ में स्थित प्राचीन माँ भगवती मंदिर के दर्शन करने पहुचेंगे। साथ ही स्थानीय रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता कर आदिवासी अंचल में कार्यकर्ताओ से मिलेंगे साथ रात्रि विश्राम ग्राम ढ़सलगाव में करेंगे।

यात्रा 2 अगस्त को भगवानपुरा विधानसभा के ग्राम मोहनपुरा में पहुचेंगी यहां विधायक श्री केदार डाबर,प्रदेश महासचिव डॉ गोविंद मुजाल्दा,युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अंतिम ठाकुर, युवा कांग्रेस नेता प्रतीक पंवार, सहित सेकड़ो युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा स्वागत किया जाएगा वही ग्राम मोहनपुरा में श्री भूरिया जी एवं टेकाम जी द्वारा नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया जाएगां।

यात्रा मोहनपुरा से बिस्टान पहुचेंगी जहाँ नुक्कड़ सभा ओर कार्यकर्ताओ से भेंट की जाएगी। जिसके बाद ग्राम भग्यापुर में प्राचीन नंनेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन करेंगे। वही यात्रा भगवानपुरा पहुचेंगी जहां पर श्री भूरिया जी एवं श्री टेकाम जी ,जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री रवि नाईक जी द्वारा विधायक श्री केदार डाबर जी के नेतृत्व टंट्या मामा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। यात्रा के दौरान ब्लाक अध्यक्ष आभापुरी प्रवीण तोमर,ब्लाक अध्यक्ष कालधा रवींद्र रावत,भीकनगांव ब्लाक अध्यक्ष जयंत परमार, शहर अध्यक्ष भीकनगांव जीतू वर्मा,राजेन्द्र मंडलोई बिस्टान, ब्लाक अध्यक्ष भगवानपुरा अंतिम ठाकुर, सेगाव ब्लाक अध्यक्ष राहुल डाबर, प्रतीक पवार, कपिल पंवार, हरि ? पाटिल, शंकर किराडे,आशिक मंसूरी, टेलसिंग, सहित सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ ओर कांग्रेस जन शामिल होंगे।

# बिना आत्मसाक्षात्कार विश्व परिवर्तन संभव नहीं



आपका परिवार राजवंश शालीवाहन होने के साथ-साथ अत्यंत पावन धर्मपरायण ईमानदार सत्यनिष्ठा था तथा अत्यंत उदार व अन्य धर्मों का सम्मान करने वाला भी आपके माता-पिता प्रथम श्रेणी के स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं। जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्य दांव पर लगा दिया था ।

शैशव काल से ही श्री माताजी अत्यंत जिंदादिल थी जो भी उन्हें बुलाता उसके पास चली जाती, सभी पशु पक्षीयों से उनकी मित्रता थीद्ध। बचपन में खाली वक्त में वे अकेली ध्यानस्थ बैठकर यहाँ चिंतन किया करती थी कि सामूहिक कुंडलिनी जागृत द्वारा किस प्रकार से वह संसार के लोगों को अपनी समस्याओं से मुक्ति दिलवा सकती हैं, बचपन से ही गरीबों व असहायों के प्रति वे अत्यंत सुह्रद एवं करूणामय थी ।

भूमि का स्पर्श हो इसीलिए वे पाठशाला जाते समय चप्पल नहीं पहनती थी। छुट्टी के समय भी श्री निर्मला देवी महात्मा गांधी के आश्रम में जाती थी। महात्मा जी उन्हें नेपाली संबोधित करते थे। आश्रम के सभी कार्यों में उनका सहभाग था और उनकी भावपूर्ण उपस्थिति महात्मा जी को भी अनजाने में प्रेरणा देती थी। निर्मला देवी जी ने महात्मा गांधी जी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी होकर कार्य किया ।

सन् 1942 के स्वतंत्रता लड़ाई में विद्यार्थियों की क्रांति में अग्रणी होने के कारण अनेक बार उन्हें कारावास में जाना पड़ा। 5 मई 1970 में उन्होंने समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए सहस्त्रार खोला व उस विधि को खोजा जिसके द्वारा हजारों में एक साथ कुंडलिनी ,, हमारे अंदर स्थित परमात्मा की सूक्त शक्ति का ,,जागरण संभव हुआ यह कार्य सृष्टि में प्रथम बार हो रहा है । अपने अथक प्रयासों से श्री माताजी विश्व के अनेक देशों में हजारों की कुंडलिनी जागृत कर आत्मसाक्षात्कार प्रदान कर रही हैं। वे कहती हैं,, बिना आत्मसाक्षात्कार दिए विश्व परिवर्तन संभव नहीं है । यह कार्य में अपने स्वभाव से प्रेमवस कर रही हू अतः आपको इसके लिए कुछ देना नहीं है । आप अपने अंदर स्थित परमात्मा की शक्ति को जागृत कर शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति को प्राप्त करें। आत्मसाक्षात्कार पाना मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है ,जिसे देने के लिए मैं आई हूं ।,,

## कमलनाथ बोले-अभी मैं बूढ़ा नहीं

# युवा पंचायत में कन्हैया कुमार ने कहा- इंदौर में दोनों गृह मंत्री हैं, हमने गलत किया तो जेल में डालो







**पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा, अभी मैं बूढ़ा नहीं, जवान हूं। मुझे याद है यह 79 की बात है, जब मैं चुनाव लड़ा और जीता मैंने तभी संकल्प लिया कि जब जिले की सड़कें बनवा लूंगा तभी दम लूंगा। कमलनाथ रविवार को इंदौर दौरे पर हैं। यहां आदिवासी युवा महापंचायत में कमलनाथ ने कहा कि मैं उस जिले से आता हूं, जिसकी आदिवासी आबादी आपके जिले से भी अधिक है। आप जाकर इंटरनेट में देखिए छिंदवाड़ा जिले के आदिवासियों की संख्या कितनी है। मुझे गर्व है कि मैंने आदिवासियों के साथ काम करने का मुझे मौका मिला।**




इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आदिवासी युवा महापंचायत का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कमलनाथ के साथ राज्यसभा सदस्य व पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और ह्स्ड्ड प्रभारी कन्हैया कुमार मौजूद रहे। कमलनाथ ने जय जोहार से अपने भाषण की शुरुआत की।

गलत हूं तो गृहमंत्री जेल में डाल दें ॅ कन्हैया कुमार

कन्हैया कुमार ने गृहमंत्री अमित शाह और नरोत्तम मिश्रा को चैलेंज करते हुए कहा कि हम सच बोलते हैं और सच के लिए लड़ते हैं। दोनों गृह मंत्री आज इंदौर में हैं। अगर मैं गलत हूं तो हमें जेल में डालें। बिना मतलब के बयान देकर लोगों को गुमराह न करें।

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा पर तंज कसते हुए कन्हैया कुमार ने कहा, आपके राज्य में सबसे ज्यादा महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। अपने राज्य को चला लीजिए फिर दूसरे पर बयान दीजिए। सच बोलिए डरिए नहीं। जब चुनाव आता है तो दिल्ली-इंदौर में घूमना शुरू कर देते हैं। आजकल दिल्ली-इंदौर में घूम रही है।

### पंडित नेहरू ने आदिवासियों को दिलाया जल, जंगल और जमीन का अधिकार

कन्हैया कुमार ने कहा, महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी आदिवासी हैं, लेकिन मणिपुर की हिंसा को लेकर एक भी शब्द नहीं बोलीं। बड़े जोर से कांग्रेस पार्टी पर कीचड़ उछाला गया। देश का इतिहास उठाकर देख लीजिए पंडित जवाहरलाल नेहरू पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने संविधान सभा में आदिवासियों के लिए जल, जंगल और जमीन का अधिकार दिलाया था। जल - जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने वाले हमारे महामानव अगर कोई हैं तो सिर्फ आदिवासी हैं।

इतना ही नहीं कन्हैया कुमार ने ये भी कहा कि अगर मुख्यमंत्री अपने बेटे को विदेश भेज सकता है तो हमारा भी अधिकार है कि हमारे बच्चों को अच्छी पढ़ाई अच्छी शिक्षा मिले। हम भी टैक्स देते हैं, आपके पैसे से हमने पीएचडी की है। हमने आपका नमक खाया है। इसका कर्ज अदा करेंगे, क्योंकि आपने हमको अपने टैक्स के पैसे से पीएचडी कराया है। हम महात्मा गांधी की पार्टी से हैं। एमपी में रोज नए घोटाले पैदा हो रहे हैं। नया घोटाला पटवारी घोटाला है। जिनमें टॉपर ने बताया कि एमपी की राजधानी दिल्ली है।

### छिंदवाड़ा के मॉडल को देखने आइएगा- कमलनाथ

कार्यक्रम में कमलनाथ, दिग्विजय सिंह और कन्हैया कुमार और शोभा ओझा ने महिलाओं के सवाल के जवाब दिए। स्किल और ट्रेनिंग के सवाल पर जवाब देते हुए कमलनाथ ने कहा कि जब भी मौका मिले, हमारे छिंदवाड़ा के मॉडल को देखने आइएगा। वह देश में एक मॉडल है, जहां स्किल डेवलपमेंट और ट्रेनिंग पर सबसे अच्छा काम होता है।

कमलनाथ ने कहा कि मैं सरकार की बनाई योजना पर भरोसा नहीं करता। महिलाएं आगे आएं और अपने हित के लिए आवाज उठाएं। योजनाएं सिर्फ कागज में बनती हैं, जो स्क्रीन में देखने में बहुत अच्छी लगती हैं लेकिन क्रियान्वयन की जरूरत है।

दिग्विजय सिंह की पत्नी अमृता सिंह ने कमलनाथ से पूछा, अगर कांग्रेस सरकार आई तो महिलाओं के लिए क्या करेंगे, तो कमलनाथ ने कहा- अगर मत लगाइए, सरकार तो आएगी ही... इतना सुनते ही कांग्रेसियों के साथ मौजूद महिलाएं भी ठहाके लगाने लगीं।

### आदिवासी और नॉन आदिवासी की लड़ाई चिंताजनक

कार्यक्रम के दौरान एक महिला ने कमलनाथ से मणिपुर की घटना को लेकर सवाल किया। इस पर कमलनाथ ने कहा कि मणिपुर का सोर्स क्या है। हमारी संस्कृति जोड़ने की संस्कृति है, लेकिन वो खतरे में है। तमिलनाडु में भाषा का विवाद है। इन सभी चीजों की शुरुआत मणिपुर से हुई है। कमलनाथ ने कहा कि आज आदिवासी और नॉन आदिवासी की लड़ाई कराई जा रही है। जो घटना हुई है वो चिंता का विषय है।

### प्रदेश में महिला अत्याचार सबसे ज्यादा- शोभा ओझा

शोभा ओझा ने कहा कि मध्यप्रदेश में महिला अत्याचार सबसे ज्यादा है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि महिलाओं के मामले में पुलिस को सख्त कार्रवाई करना चाहिए। लेकिन कुछ पार्टी के लोग अब पॉक्सो एक्ट को भी बदलने के प्रयास में जुटे हुए हैं। कन्हैया कुमार ने एक नज्म से बात कि शुरुआत की और कहा कि, तनहाइयों से परेशान होकर हमने दुश्मन को ही हमसफर मान लिया है।

### भोलेनाथ के महारुद्राभिषेक में शामिल हुए कांग्रेस नेता



आदिवासी युवा महापंचायत से पहले सभी नेता कांग्रेस विधायक संजय शुक्ला द्वारा आयोजित भगवान भोलेनाथ के महारुद्राभिषेक में शामिल हुए थे। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कमलनाथ को हनुमान प्रतिमा और गदा भेंट की। इसके बाद रेडिसन होटल में शहर महिला कांग्रेस द्वारा आयोजित महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव की अहमियत कार्यक्रम में पहुंचे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )